# जे.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा–2023
# सामान्य अध्ययन ( प्रश्न पत्र–II )
# JPSC Prelims Exam-2023
# General Studies
# (Question Paper-II)

1. In which Section are the provisions of penalties mentioned under the Santhal Pargana Tenancy Act, 1949?

[A] Section 67

[B] Section 68

[C] Section 69

[D] Section 70

2. Under which Section of Santhal Pargana Tenancy Act, 1949, the provisions relating to exchange of Raiyati land is mentioned?

[A] Section 23

[B] Section 24

[C] Section 25

[D] Section 26

3. Which district has recorded the lowest percentage of forest cover area to its total area among districts of Jharkhand according to FSI Report 2019? (India State of Forest Report, 2019)

[A] Chatra

[B] Dhanbad

[C] Jamtara

[D] Palamu

4. Which district is the largest in terms of total population (Census 2011) in Jharkhand?

[A] Ranchi

[B] Dhanbad

[C] East Singhbhum

[D] Koderma

१. संथाल परगना भू-धारण अधिनियम, 1949 के तहत, दंड का प्रावधान किस धारा में वर्णित है?

[A] धारा 67

[B] धारा 68

[C] धारा 69

[D] धारा 70

2. संथाल परगना भू-धारण अधिनियम, 1949 के किस धारा में, रैयती भूमि के विनिमय से सम्बन्धित प्रावधानों का उल्लेख किया गया है?

[A] धारा 23

[B] धारा 24

[C] धारा 25

[D] धारा 26

3. एफ० एस० आइ० के रिपोर्ट के अनुसार, झारखण्ड के किस जिले में वन क्षेत्र का प्रतिशत, उसके कुल क्षेत्रफल के प्रतिशत से कम दर्ज है? (इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट, 2019)।

[A] चतरा

[B] धनबाद

[C] जामताड़ा

[D] पलामू

4. कुल जनसंख्या के दृष्टिकोण से कौन-सा जिला झारखण्ड का सबसे बड़ा जिला है (2011 जनगणना के अनुसार)?

[A] राँची

[B] धनबाद

[C] पूर्वी सिंहभूम

[D] कोडरमा

5. Which district encompasses the largest area in Jharkhand at present?

[A] Giridih

[B] Gumla

[C] Ramgarh

[D] West Singhbhum

6. Which variety of lac/shellac contributes the largest production in Jharkhand?

[A] Katki

[B] Baishakhi

[C] Jethwi

[D] Agahani

7. In which division of Jharkhand, handloom cooperative societies are in maximum number?

[A] Santhal Pargana

[B] South Chhota Nagpur

[C] Kolhan

[D] Palamu

8. Which variety of silk is produced in maximum quantity in Jharkhand?

[A] Mulberry

[B] Eri

[C] Tasar

[D] Muga

5. वर्तमान में कौन-सा जिला झारखण्ड में सबसे अधिक क्षेत्रफल पर फैला है?

[A] गिरिडीह

[B] गुमला

[C] रामगढ़

[D] पश्चिमी सिंहभूम

6. लाह/लाख के किस किस्म के उत्पादन का योगदान, झारखण्ड में सबसे ज्यादा है?

[A] कातकी

[B] वैशाखी

[C] जेठवी

[D] अगहनी

7. हैंडलूम (हथकरघा) की सहकारी समितियाँ, सबसे ज्यादा झारखण्ड के किस सम्भाग में स्थित हैं?

[A] संथाल परगना

[B] दक्षिणी छोटानागपुर

[C] कोल्हान

[D] पलामू

8. किस किस्म का रेशम उत्पादन झारखण्ड में सबसे ज्यादा होता है?

[A] मलबरी

[B] एरी

[C] तसर

[D] मूगा

9. In which year was Tata Engineering and Locomotive Company (TELCO) established in Jamshedpur?

[A] 1907

[B] 1945

[C] 1951

[D] 1960

10. Budha Ghagh waterfall is located on which river?

[A] Kanchi

[B] Ghaghri

[C] Damodar

[D] Burha

11. Which point/place is the highest in Jharkhand among the following?

[A] Jodadumar

[B] Netarhat

[C] Dalma

[D] Kolhua

12. Which type of iron ore is found near Daltonganj?

[A] Magnetite

[B] Hematite

[C] Limonite

[D] Siderite

9. जमशेदपुर में टाटा अभियंत्रण एवं लोकोमोटिव कम्पनी (TELCO) की स्थापना कब हुई?

[A] 1907

[B] 1945

[C] 1951

[D] 1960

10. बूढ़ा घाघ जलप्रपात किस नदी पर अवस्थित है?

[A] काँची

[B] घाघरी

[C] दामोदर

[D] बुरहा

11. निम्न में से झारखण्ड में सबसे ऊँचा बिंदु/स्थान कौन-सा है?

[A] जोड़डुमर

[B] नेतरहाट

[C] दलमा

[D] कोल्हुआ

12. डाल्टनगंज के नजदीक किस किस्म का लौह-अयस्क पाया जाता है?

[A] मैग्नेटाइट

[B] हेमाटाइट

[C] लिमोनाइट

[D] सिडेराइट

13. The aims of Jharkhand Rehabilitation and Resettlement Policy, 2008 include(s)

[A] only the minimum area of land commensurated with the purpose of the project should be acquired

[B] as far as possible, projects may be set up on wasteland, degraded land or unirrigated land

[C] as far as possible lands of SC and ST groups, multi-cropped land and irrigated land should be avoided

[D] All of the above

14. As per the Jharkhand Rehabilitation and Resettlement Policy, 2008 there shall be a State level monitoring committee for reviewing and monitoring the progress of implementation of resettlement and rehabilitation schemes relating to all projects to which this policy applies. Who will chair this committee?

[A] The Chief Minister

[B] The Chief Secretary

[C] The Development Commissioner

[D] None of the above

15. As per the Jharkhand Rehabilitation and Resettlement Policy, 2008, 'family' includes a person and

[A] his or her spouse

[B] his or her unmarried sons and unmarried daughters

[C] his or her unmarried brothers and unmarried sisters

[D] All of the above

13. झारखण्ड पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति, 2008 के उद्देश्यों में शामिल है/हैं

[A] केवल परियोजना के उद्देश्य से भूमि के न्यूनतम क्षेत्र का अधिग्रहण किया जाना चाहिए

[B] जहाँ तक संभव हो, बंजर भूमि, कम उर्वरा शक्ति वाली या गैर-सिंचित भूमि पर परियोजनाएँ स्थापित की जा सकती हैं

[C] जहाँ तक सम्भव हो, SC एवं ST समूहों की भूमि, बहु-फसली भूमि और सिंचित भूमि का इस्तेमाल यथासंभव नहीं होना चाहिए

[D] उपर्युक्त सभी

14. झारखण्ड पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति, 2008 के अनुसार, उन सभी परियोजनाओं से संबंधित पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा और निगरानी के लिए एक राज्य-स्तरीय निगरानी समिति होगी, जिनके लिए यह नीति लागू होती है। इस समिति की अध्यक्षता कौन करेगा ?

[A] मुख्यमंत्री

[B] प्रमुख शासन सचिव

[C] विकास आयुक्त

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. झारखण्ड पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति, 2008 के अनुसार, 'परिवार' में शामिल है, एक व्यक्ति और

[A] उसका जीवन-साथी

[B] उसके अविवाहित बेटे और अविवाहित बेटियाँ

[C] उसके अविवाहित भाई और अविवाहित बहनें

[D] उपर्युक्त सभी

16. The Jharkhand Industries Rehabilitation Scheme, 2003 is applicable to all cases proposing the rehabilitation or revival of

[A] closed units and sick units

[B] weak units

[C] Both [A] and [B]

[D] newly established units

17. The Jharkhand Vision and Action Plan, 2021 has proposed to set up a mega handloom cluster to generate employment to 25000 weavers by 2020 in which district of Jharkhand?

[A] Dumka

[B] Ranchi

[C] Godda

[D] Deoghar

18. What is the projection of GSDP for constant price (2011-12) as per budget of Jharkhand FY 2022-23?

[A] 4,01,997 crore in INR

[B] 4,21,997 crore in INR

[C] 5,01,078 crore in INR

[D] 6,05,000 crore in INR

19. Indian Explosive Limited at Gomia (Bokaro) was established in which year?

[A] 1955

[B] 1956

[C] 1954

[D] 1951

16. झारखण्ड उद्योग पुनर्वास योजना, 2003, पुनर्वास या पुनरूद्धार के प्रस्ताव वाले सभी मामलों पर लागू होती है, जो कि है

[A] बंद इकाइयाँ और बीमार इकाइयाँ

[B] कमजोर इकाइयाँ

[C] [A] एवं [B] दोनों

[D] नई स्थापित इकाइयाँ

17. झारखण्ड विजन ऐंड ऐक्शन प्लान, 2021 ने 2020 तक 25000 बुनकरों के लिए रोजगार सृजित करने हेतु एक मेगा हैंडलूम क्लस्टर स्थापित करने का प्रस्ताव झारखण्ड के किस जिले में किया है?

[A] दुमका

[B] राँची

[C] गोड्डा

[D] देवघर

18. 2011-12 के स्थिर मूल्य पर झारखण्ड के बजट FY 2022-23 के अनुसार, अनुमानित राज्य सकल राज्य घरेलू उत्पादन (GSDP) कितना है?

[A] 4,01,997 करोड़ रुपये

[B] 4,21,997 करोड़ रुपये

[C] 5,01,078 करोड़ रुपये

[D] 6,05,000 करोड़ रुपये

19. गोमिया (बोकारो) में स्थित भारतीय विस्फोटक लिमिटेड की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

[A] 1955

[B] 1956

[C] 1954

[D] 1951

20. Burnpur Cement Limited is located at which city/town of Jharkhand?

[A] Ranchi

[B] Hazaribagh

[C] Patratu

[D] Bokaro

21. Which is the largest coalfield of the State of Jharkhand?

[A] Karnpura

[B] Raniganj

[C] Dhanbad

[D] Jharia

22. India's first Alumina Refinery is situated at which place of Jharkhand State?

[A] Deoghar

[B] Ramgarh

[C] Muri

[D] Bokaro

23. Kundarkocha Gold Mine is located in which district of Jharkhand?

[A] Singhbhum (East)

[B] Singhbhum (West)

[C] Gumla

[D] Palamu

20. झारखण्ड राज्य के किस शहर में बर्नपुर सीमेंट लिमिटेड अवस्थित है?

[A] राँची

[B] हजारीबाग

[C] पतरातू

[D] बोकारो

21. झारखण्ड राज्य का सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र कहाँ अवस्थित है?

[A] कर्णपुरा

[B] रानीगंज

[C] धनबाद

[D] झरिया

22. झारखण्ड राज्य के किस स्थान पर भारत का प्रथम अल्युमिना रिफाइनरी अवस्थित है?

[A] देवघर

[B] रामगढ़

[C] मुरी

[D] बोकारो

23. कुन्दरकोचा स्वर्ण खदान, झारखण्ड राज्य के किस जिले में अवस्थित है?

[A] सिंहभूम (पूर्व)

[B] सिंहभूम (पश्चिम)

[C] गुमला

[D] पलामू

24. When was Sona Sobran Dhoti Saree Distribution Scheme started in Jharkhand?

[A] October 2019

[B] October 2020

[C] October 2021

[D] October 2022

25. 'Birsa Munda Bagwani Project' is associated with which product?

[A] Kiwi

[B] Banana

[C] Mango

[D] Apple

26. The Jharkhand Opportunities for Harnessing Rural Growth (JOHAR) project is funded by which institution?

[A] Government of India

[B] Government of Jharkhand

[C] World Bank

[D] International Monetary Fund

27. Four different schemes at the local village-level development, i.e. Sansad Adarsh Gram Yojana (SAGY), Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana (PMAGY), CM SMART Gram Panchayat Yojana (CM-SGY) and MLA Adarsh Gram Yojana (AGY) have been integrated under the

[A] Jharkhand Integrated Adarsh Gram Yojana

[B] Jharkhand Intensive Adarsh Gram Yojana

[C] Jharkhand Integrated Ajjadi Gram Yojana

[D] Jharkhand Infrastructure Adarsh Gram Yojana

24. झारखण्ड में कब सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना शुरू किया गया था?

[A] अक्टूबर 2019

[B] अक्टूबर 2020

[C] अक्टूबर 2021

[D] अक्टूबर 2022

25. 'बिरसा मुण्डा बागवानी परियोजना' किस उत्पाद से जुड़ा है?

[A] कीवी

[B] केला

[C] आम

[D] सेब

26. झारखण्ड अपोर्चिनिटी फॉर हार्नेसिंग रूरल ग्रोथ (JOHAR) परियोजना किस संस्था द्वारा वित्त-पोषित है?

[A] भारत सरकार

[B] झारखण्ड सरकार

[C] विश्व बैंक

[D] अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

27. स्थानीय ग्राम स्तर के विकास की चार अलग-अलग योजनाओं, जैसे कि सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY), प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY), मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम पंचायत योजना (CM-SGY) और विधायक आदर्श ग्राम योजना (AGY), को किस योजना में एकीकृत किया गया है?

[A] झारखण्ड एकीकृत आदर्श ग्राम योजना

[B] झारखण्ड गहन आदर्श ग्राम योजना

[C] झारखण्ड एकीकृत आजादी ग्राम योजना

[D] झारखण्ड बुनियादी ढाँचा आदर्श ग्राम योजना

**28.** Consider the following regarding Abua Awas Yojana :

I. It has been started on 15th August, 2023.

II. There is a provision to provide housing to those beneficiaries, who have got houses under the Pradhan Mantri Awas Yojana.

Which of the statements given above is/are ***not correct***?

[A] Only I

[B] Only II

[C] Both I and II

[D] Neither I nor II

**29.** Which of the following is ***not*** an objective of 'Mukhyamantri Jan Van Yojana'?

[A] Plantation for production of silk

[B] Increasing the green area of the State to maintain environmental balance

[C] Groundwater protection through plantation

[D] Increasing the income of farmers through plantation on their land

**30.** Which of the following districts of Jharkhand has the largest area of very dense forest?

[A] Chatra

[B] Hazaribagh

[C] Latehar

[D] Gumla

**28.** अबुआ आवास योजना के संबंध में विचार करें :

I. इसकी शुरुआत 15 अगस्त, 2023 को की गई है।

II. इसमें वैसे लाभार्थियों को आवास देने का प्रावधान है, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिला हुआ है।

उपर्युक्त कौन-सा/से कथन **सही नहीं** है/हैं :

[A] केवल I

[B] केवल II

[C] I और II दोनों

[D] न तो I और न तो II

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'मुख्यमंत्री जन वन योजना' का उद्देश्य **नहीं** है?

[A] रेशम उत्पादन हेतु वृक्षारोपण करना

[B] प्रदेश के हरित क्षेत्र में वृद्धि कर पर्यावरण संतुलन कायम रखना

[C] वृक्षारोपण के माध्यम से भूजल संरक्षण करना

[D] किसानों की अपनी भूमि पर वृक्षारोपण कर उनकी आय बढ़ाना

**30.** निम्नलिखित में से झारखण्ड के किस जिले में, अति सघन वृक्ष सर्वाधिक क्षेत्र में है?

[A] चतरा

[B] हजारीबाग

[C] लातेहार

[D] गुमला

31. According to 'India State of Forest Report 2021', what is the forest cover area in Jharkhand?

[A] 24710 sq. kms

[B] 23721 sq. kms

[C] 22708 sq. kms

[D] 20705 sq. kms

32. Which Article of Indian Constitution provides duties of State Government to protect and improve the environment and to safeguard the forests and wildlife?

[A] Article 48(A)

[B] Article 48(B)

[C] Article 48(C)

[D] Article 49(A)

33. Betla National Park of Jharkhand is spread over _____ sq. kms.

[A] 190

[B] 226

[C] 285

[D] 305

34. What is the major contributing factor for the fast dwindling population of vultures in Jharkhand?

[A] Rampant use of drug in livestock

[B] Indiscriminate hunting of vultures

[C] Noise pollution in vulture habitat

[D] Water pollution in vulture habitat

31. 'इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021' के अनुसार, झारखण्ड में वन आवरण क्षेत्र कितना है?

[A] 24710 वर्ग किलोमीटर

[B] 23721 वर्ग किलोमीटर

[C] 22708 वर्ग किलोमीटर

[D] 20705 वर्ग किलोमीटर

32. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य को पर्यावरण की रक्षा एवं उसमें सुधार करने तथा वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व दिया गया है?

[A] अनुच्छेद 48(A)

[B] अनुच्छेद 48(B)

[C] अनुच्छेद 48(C)

[D] अनुच्छेद 49(A)

33. झारखण्ड का 'बेतला राष्ट्रीय उद्यान' कितने वर्ग कि॰ मी॰ क्षेत्र में फैला हुआ है?

[A] 190

[B] 226

[C] 285

[D] 305

34. झारखण्ड में गिद्धों की संख्या में तेजी से कमी होने का प्रमुख कारक कौन-सा है?

[A] पशुओं में दवाओं का अनियंत्रित उपयोग

[B] शिकारियों द्वारा गिद्धों का अंधाधुंध शिकार

[C] गिद्धों के प्राकृतिक वास में ध्वनि प्रदूषण

[D] गिद्धों के प्राकृतिक वास में जल प्रदूषण

35. Damodar river has become a biological desert between Giridih and Durgapur because

[A] a large amount of sand deposit in this water area

[B] the existence of life is not possible in this water area

[C] the colour of water is black in this area

[D] of no water in this water area

36. In which of the following cities of Jharkhand was the first 'aerobic biotoilet' inaugurated in 2018?

[A] Ranchi

[B] Dhanbad

[C] Jamshedpur

[D] Bokaro

37. Which of the following factor(s) is/are damaging the biodiversity of Jharkhand?

[A] Reckless urbanisation

[B] Unplanned and unregulated industrialisation

[C] Increasing population and decreasing forest

[D] All of the above

38. What is meant by 'protected forest' under the Forest law?

[A] Prohibition on all activities

[B] Permission for all activities

[C] Prohibition on all activities which are not permitted

[D] None of the above

35. दामोदर नदी, गिरिडीह एवं दुर्गापुर के बीच जैविक मरूस्थल बन गई है, क्योंकि

[A] इस जल क्षेत्र में बालू का निक्षेप अत्यधिक है

[B] इस जल क्षेत्र में जीवों का अस्तिव सम्भव नहीं है

[C] इस जल क्षेत्र में जल का रंग काला है

[D] इस जल क्षेत्र में जल नहीं है

36. निम्न में से किस शहर में झारखण्ड का पहला 'एरोबिक जैव-शौचालय' का उद्घाटन 2018 में हुआ था?

[A] राँची

[B] धनबाद

[C] जमशेदपुर

[D] बोकारो

37. निम्न में से कौन-सा/से कारक झारखण्ड के जैव-विविधता को नुकसान पहुँचा रहा/रहे है/हैं?

[A] अंधाधुंध शहरीकरण

[B] अनियोजित और अनियंत्रित औद्योगीकरण

[C] बढ़ती जनसंख्या और घटते वन

[D] उपर्युक्त सभी

38. वन कानून के तहत 'संरक्षित वन' से क्या तात्पर्य है?

[A] सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध

[B] सभी गतिविधियों के लिए अनुमति

[C] उन सभी गतिविधियों पर रोक जिनकी अनुमति नहीं है

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. Which of the following is the major effect of water pollution?

[A] Lack of rain

[B] Abundance of salt in water

[C] Lack of oxygen for aquatic life

[D] Interruption in water cycle

40. How much incentive amount is given by the Government to any beneficiary, who plants tree on his private land under 'Mukhyamantri Jan Van Yojana'?

[A] 50% of the total cost at the approved rate for this scheme

[B] 60% of the total cost at the approved rate for this scheme

[C] 75% of the total cost at the approved rate for this scheme

[D] 85% of the total cost at the approved rate for this scheme

41. Which of the following institutions conducts technical and instructive work regarding flood disaster in Jharkhand?

[A] Birsa Agricultural University

[B] Indian School of Mines

[C] Indian Institute of Management

[D] Jharkhand Space Application Centre

42. Which of the following is *not* the objective of disaster response?

[A] Vulnerability assessment

[B] Safety and security of human life

[C] Housing and temporary accommodation for disaster affected people

[D] Restoration and maintenance of infrastructure

39. निम्न में से कौन-सा जल प्रदूषण का प्रमुख प्रभाव है?

[A] वर्षा की कमी

[B] जल में नमक की अधिकता

[C] जलीय जीवन के लिए ऑक्सीजन की कमी

[D] जलीय चक्र का बाधित हो जाना

40. 'मुख्यमंत्री जन वन योजना' के तहत कोई लाभुक जो अपने निजी भूमि पर वृक्षारोपण करता है, उसे सरकार द्वारा कितनी प्रोत्साहन राशि दी जाती है?

[A] इस योजना हेतु स्वीकृत दर पर कुल लागत राशि का 50%

[B] इस योजना हेतु स्वीकृत दर पर कुल लागत राशि का 60%

[C] इस योजना हेतु स्वीकृत दर पर कुल लागत राशि का 75%

[D] इस योजना हेतु स्वीकृत दर पर कुल लागत राशि का 85%

41. निम्न में से कौन-सी संस्था, झारखण्ड में बाढ़ आपदा के संबंध में तकनीकी एवं उपयोगी सूचना देने का कार्य करती है?

[A] बिरसा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी

[B] इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स

[C] इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट

[D] झारखण्ड स्पेस ऐप्लीकेशन सेंटर

42. निम्नलिखित में से कौन-सा आपदा प्रतिक्रिया का उद्देश्य नहीं है?

[A] सुभेद्यता आकलन

[B] मानव जीवन की सुरक्षा तथा बचाव

[C] आपातग्रस्त लोगों को राहत एवं अस्थायी आवास

[D] आधारभूत संरचना की पुनर्स्थापना व रख-रखाव

43. From the point of view of earthquake sensitivity, the entire stage of Jharkhand can be put in which seismic zone?

[A] Zone I

[B] Zone II

[C] Zone IV

[D] Zone II and III

44. Which of the following tropical cyclones affected Jharkhand along with the eastern-coastal States in May, 2021?

[A] Fani

[B] Bulbul

[C] Yaas

[D] Hudhud

45. Which of the following is the most drought prone district of Jharkhand?

[A] Ranchi

[B] Dumka

[C] Hazaribagh

[D] Palamu

46. What is called 'Dhubiya' in Jharkhand?

[A] Dance

[B] Marriage

[C] Song

[D] Tabla

47. Which district of Jharkhand was the main center of Birsa Movement?

[A] Khunti

[B] Palamu

[C] Ranchi

[D] Gumla

43. भूकम्प संवेदनशीलता की दृष्टि से, झारखण्ड के सम्पूर्ण क्षेत्र को किस भूकम्पीय क्षेत्र में रखा जा सकता है?

[A] ज़ोन I

[B] ज़ोन II

[C] ज़ोन IV

[D] ज़ोन II एवं III

44. निम्न में से कौन-सा उष्णकटिबंधीय चक्रवात, मई, 2021 में पूर्वी तटीय राज्यों के साथ झारखण्ड को भी प्रभावित किया था?

[A] फनी

[B] बुलबुल

[C] यास

[D] हुदहुद

45. निम्न में से कौन-सा झारखण्ड का सर्वाधिक सूखाग्रस्त जिला है?

[A] राँची

[B] दुमका

[C] हजारीबाग

[D] पलामू

46. झारखण्ड में 'धुबिया' किसको कहा जाता है?

[A] नृत्य

[B] विवाह

[C] गीत

[D] तबला

47. झारखण्ड का कौन-सा जिला, बिरसा आन्दोलन का मुख्य केन्द्र था?

[A] खूंटी

[B] पलामू

[C] राँची

[D] गुमला

48. On which river of Jharkhand is Tilaiya Hydroelectric Project established?

[A] Bokaro river

[B] Konar river

[C] Swarnarekha river

[D] Barakar river

49. Which of the following pairs is ***not correct*** regarding the rivers flowing in Jharkhand and their place of origin?

[A] Swarnarekha River — Tikratoli

[B] Barakar River — North Chhota Nagpur

[C] South Koel River — Chhota Nagpur

[D] Sankh (Shankh) River — Trikut

50. In which year did Jatra Tana Bhagat start the Shuddhi Movement?

[A] 1914

[B] 1915

[C] 1916

[D] 1917

51. Dr. Janum Singh Soy has been awarded the 'Padma Shri 2023' in which field?

[A] Social Service

[B] Politics

[C] Education and Literature

[D] Medical

52. Jharkhand Mukhyamantri Sarthi Yojana operated in the State of Jharkhand is related to

[A] loan waiver for farmers

[B] insurance scheme for workers

[C] free coaching for students

[D] free housing for the poor

48. झारखण्ड की किस नदी पर तिलैया जल-विद्युत् परियोजना स्थापित है?

[A] बोकारो नदी

[B] कोनार नदी

[C] स्वर्णरेखा नदी

[D] बराकर नदी

49. झारखण्ड में बहने वाली नदियों और उनके उद्गम स्थल के संबंध में कौन-सा युग्म **सही नहीं** है?

[A] स्वर्णरेखा नदी — टिकराटोली

[B] बराकर नदी — उत्तरी छोटानागपुर

[C] दक्षिणी कोयल नदी — छोटानागपुर

[D] शंख नदी — त्रिकुट

50. जतरा ताना भगत ने किस वर्ष शुद्धि आन्दोलन की शुरुआत की थी?

[A] 1914

[B] 1915

[C] 1916

[D] 1917

51. डॉ० जानुम सिंह सोय को किस क्षेत्र में 'पद्मश्री 2023' से सम्मानित किया गया है?

[A] समाज सेवा

[B] राजनीति

[C] शिक्षा और साहित्य

[D] चिकित्सा

52. झारखण्ड राज्य में संचालित 'झारखण्ड मुख्यमंत्री सारथी' योजना का संबंध है

[A] किसानों के लिए ऋण माफी से

[B] श्रमिकों के लिए बीमा योजना से

[C] छात्रों के निशुल्क कोचिंग से

[D] गरीबों के निशुल्क आवास से

53. Which sentence among the following is ***not correct*** regarding the Nagvanshi administration?

[A] The Nagvanshis accepted the Parha Panchayat as an administrative unit

[B] The name of the traditional Parha head 'Manaki' was changed to 'Thakur'

[C] The Nagvanshis changed the term 'Parha' to 'Patti'

[D] The Panchayat was a permanent local body in the Bhuinhari Parha

54. 'Kartaha' is related to which of the following?

[A] Parha Panchayat

[B] Munda Manaki

[C] Nagvanshi Court

[D] Dhoklo Sohor

55. To which of the following roles is a Mahato related in Munda administrative system?

[A] To preside over judicial process

[B] To communicate important informations to the villagers

[C] To supervise taxation

[D] To take care of rites and rituals

56. Who is the Deputy Head (Upa-Pradhan) in the Manjhi Pargana of administration?

[A] Paranik

[B] Jog Manjhi

[C] Jog Paranik

[D] Godet

53. नागवंशी शासन-व्यवस्था के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है?

[A] नागवंशियों ने परहा पंचायत को एक प्रशासकीय इकाई के रूप में स्वीकार किया

[B] परहा के पारम्परिक प्रमुख 'मानकी' का पदनाम बदलकर 'ठाकुर' कर दिया गया

[C] नागवंशियों ने परहा का नाम बदलकर 'पट्टी' कर दिया

[D] भूइंहारी परहा में पंचायत एक स्थायी संस्था थी

54. 'करटाहा' का संबंध निम्न में से किससे है?

[A] परहा पंचायत

[B] मुंडा मानकी

[C] नागवंशी दरबार

[D] ढोकलो सोहोर

55. मुंडा शासन-व्यवस्था में महतो निम्नलिखित में से किस भूमिका में मुख्यतः रहते हैं?

[A] न्याय-व्यवस्था की अध्यक्षता करना

[B] ग्रामीणों तक महत्वपूर्ण सूचनाएँ पहुँचाना

[C] लगान-व्यवस्था देखना

[D] रीति-रिवाजों की देख-रेख करना

56. मांझी परगना शासन-व्यवस्था में उप-प्रधान कौन होता है?

[A] परानिक

[B] जोग मांझी

[C] जोग परानिक

[D] गोडेत

57. Who is the head of the village in the Oraon administrative system?

[A] Manjhi

[B] Mahato

[C] Pahan

[D] Diwan

58. Which of the following statements related to Munda Manaki system is ***not correct***?

[A] The post of Manaki is hereditary

[B] If a Manaki is dismissed, his successors are also deprived of their rights

[C] Munda is considered the village head while the Manaki is considered head of the peed

[D] The Manaki does not get any share (commission) of the collected revenue

59. 'Naya' was the name of the head of which tribal Panchayat?

[A] Asur

[B] Birhor

[C] Kharia

[D] Gond

60. Who is considered the village head in the Pahariya tribal system?

[A] Gorait

[B] Majan Dakha

[C] Nayak

[D] Manjhi

57. उराँव शासन-व्यवस्था में गाँव का प्रधान कौन होता है?

[A] मांझी

[B] महतो

[C] पाहन

[D] दीवान

58. मुंडा मानकी व्यवस्था से संबंधित, निम्न में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है?

[A] मानकी पद आनुवंशिक होता है

[B] यदि मानकी बर्खास्त हो जाये, तो उसके उत्तराधिकारियों को उनका हक नहीं मिलता

[C] मुण्डा को ग्राम प्रधान जबकि मानकी को पीड़ का प्रधान माना जाता है

[D] वसूली राजस्व में मानकी को कोई अंश (कमीशन) नहीं मिलता

59. 'नाया' किस जनजाति पंचायत के मुखिया का नाम था?

[A] असुर

[B] बिरहोर

[C] खड़िया

[D] गोंड

60. पहाड़िया जनजाति-व्यवस्था में गाँव के प्रमुख को क्या कहा जाता है?

[A] गोड़ाइत

[B] मजन दाखा

[C] नायक

[D] मांझी

61. According to the *Nagvanshavali*, which king had transferred the Nagavansa dynasty's capital from Sutiambe to Chutia?

[A] Nripati Pratap Rai

[B] Durjan Shal

[C] Dripnath Rai

[D] Janardan Rai

62. Which leader had led the 1855-56 Hool in Hazaribagh?

[A] Jairam Murmu

[B] Mangal Murmu

[C] Raghu Hansda

[D] Lubiya Manjhi and Bairu Manjhi

63. Who was the first President of the Chhota Nagpur Catholic Sabha?

[A] Julius Lakra

[B] Boniface Lakra

[C] Paul Dayal

[D] Simon Horo

64. Ramjeet Hansda, Buddharai Kisku and Chandrai Tudu were related to which of the following movements?

[A] Santhal Hool

[B] Non-Cooperation Movement

[C] Individual Satyagraha

[D] Pahariya Revolt

61. 'नागवंशावली' के अनुसार, नागवंशी राज की राजधानी को सुतियाम्बे से चुटिया ले जाने का काम किस राजा ने किया था?

[A] नृपति प्रताप राय

[B] दुर्जन शाल

[C] दृपनाथ राय

[D] जनार्दन राय

62. 1855-56 के हूल का नेतृत्व, हजारीबाग में किन्होंने किया था?

[A] जयराम मुर्मू

[B] मंगल मुर्मू

[C] रघु हांसदा

[D] लुबिया मांझी और बैरु मांझी

63. छोटानागपुर कैथोलिक सभा के पहले अध्यक्ष कौन थे?

[A] जूलियस लकड़ा

[B] बोनिफेस लकड़ा

[C] पॉल दयाल

[D] साइमन होरो

64. रामजीत हांसदा, बुद्धराय किस्कू और चाँदराय टुडू निम्न में से किस आन्दोलन से जुड़े थे?

[A] संथाल हूल

[B] असहयोग आन्दोलन

[C] व्यक्तिगत सत्याग्रह

[D] पहाड़िया विद्रोह

65. When was the decision taken to establish Jharkhand Area Autonomous Council?

[A] September, 1993

[B] December, 1993

[C] September, 1994

[D] December, 1994

66. Gopabandhu Das, leader of the Non-Cooperation Movement, was associated with which of the following regions?

[A] Palamu

[B] Saraikela-Kharsawan

[C] Hazaribagh

[D] South Chhota Nagpur

67. In which year were the Chhota Nagpur Development Authority and Santhal Pargana Development Authority established?

[A] 1989

[B] 1987

[C] 1982

[D] 1994

68. In the Oraon tribe, for how many generations are marriage prohibited in the mother's Gotra at the time of children's marriage?

[A] Five

[B] Seven

[C] Ten

[D] Three

65. झारखण्ड क्षेत्र स्वशासी परिषद के गठन का निर्णय कब हुआ?

[A] सितम्बर, 1993

[B] दिसम्बर, 1993

[C] सितम्बर, 1994

[D] दिसम्बर, 1994

66. असहयोग आन्दोलन के नायक गोपबंधु दास का संबंध निम्न में से किस क्षेत्र से था?

[A] पलामू

[B] सरायकेला-खरसावाँ

[C] हजारीबाग

[D] दक्षिणी छोटानागपुर

67. छोटानागपुर विकास प्राधिकरण और संथाल परगना विकास प्राधिकरण की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

[A] 1989

[B] 1987

[C] 1982

[D] 1994

68. उराँव जनजाति में बच्चों के विवाह के समय, माँ के गोत्र में कितनी पीढ़ी तक विवाह वर्जनीय होता है?

[A] पाँच

[B] सात

[C] दस

[D] तीन

69. What was the popular attire of Munda women?

[A] Salwar Kameez

[B] Pariya

[C] Lehenga

[D] Pichhautee

70. Who was the third Governor of Jharkhand?

[A] Syed Sibtey Razi

[B] Ved Marwah

[C] M. Rama Jois

[D] Syed Ahmad

71. In the budget of 2022-23, Jharkhand Government spent 13·54% money on

[A] social welfare

[B] home

[C] education

[D] energy

72. The food and Gou-daan of 'Kattaha-Brahmin' are associated with which ritual?

[A] Marriage

[B] Birth

[C] Death

[D] Mundan

69. मुण्डा महिलाओं का प्रचलित परिधान क्या था?

[A] सलवार कमीज़

[B] परिया

[C] लहंगा

[D] पिछौती

70. झारखण्ड के तीसरे राज्यपाल कौन थे?

[A] सैयद सिब्ते रज़ी

[B] वेद मारवाह

[C] एम. रामा जोइस

[D] सैयद अहमद

71. 2022-23 के बजट में, झारखण्ड सरकार ने सबसे ज्यादा पैसा 13·54 % _____ पर खर्च किया।

[A] समाज कल्याण

[B] गृह

[C] शिक्षा

[D] ऊर्जा

72. 'कट्टहा ब्राह्मण' का भोजन एवं गौ-दान किस संस्कार से जुड़ा है?

[A] विवाह

[B] जन्म

[C] मृत्यु

[D] मुंडन

73. Who wrote the book named *Kharia Lok Kathaon Ka Sahityik Evam Sanskritik Adhyayan*?

[A] Rose Kerketta

[B] Diwakar Minz

[C] B. P. Kesari

[D] Ram Dayal Munda

74. Which one of the following dances is performed on the occasion of Sarhul?

[A] Jadur

[B] Jatra

[C] Chhau

[D] Natua

75. One of the folk songs sung generally on the occasion of marriage is

[A] Karma

[B] Domkach

[C] Hairo

[D] Japi

76. Betla National Park is reserved for

[A] deers

[B] tigers

[C] aquatic animals

[D] elephants



73. 'खड़िया लोक कथाओं का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन' नामक पुस्तक की रचना किसने की?

[A] रोज़ केरकेट्टा

[B] दिवाकर मिंज

[C] बी० पी० केसरी

[D] राम दयाल मुण्डा

74. निम्न नृत्यों में से कौन-सा सरहुल के समय पर आयोजित किया जाता है?

[A] जदूर

[B] जात्रा

[C] छऊ

[D] नटुआ

75. सामान्यतः विवाह के अवसर पर गाया जानेवाला एक लोक संगीत ____ है।

[A] करमा

[B] डोमकच

[C] हैरो

[D] जापी

76. बेतला राष्ट्रीय उद्यान ____ के लिए संरक्षित है।

[A] हिरणों

[B] बाघों

[C] जलीय जीवों

[D] हाथियों

77. Of all the tribes of Jharkhand, the highest population is of the _____ tribe.

[A] Munda

[B] Santhal

[C] Oraon

[D] Asur

78. Who was the first known poet of Nagpuri?

[A] Rudra Singh

[B] Beniram Mahatha

[C] Dhani Ram Bakshi

[D] Raghunath Nripati

79. In 1886 A.D., Bhim Ram Solanki had published a grammar book titled _____ from Banaras.

[A] *Tashish Samul*

[B] *Ho Kazi*

[C] *Ho Duran*

[D] *Chasreya Tak*

80. Who was the author of *Nagvanshavali*, a book written in Nagpuri?

[A] Harinath Shahdeo

[B] Ghasiram

[C] Beniram Mahatha

[D] Kanchan

77. झारखण्ड के समस्त जनजातियों में सर्वाधिक जनसंख्या _____ जनजाति की है।

[A] मुण्डा

[B] संथाल

[C] उराँव

[D] असुर

78. नागपुरी के प्रथम ज्ञात कवि कौन थे?

[A] रुद्र सिंह

[B] बेनीराम महथा

[C] धनी राम बख्शी

[D] रघुनाथ नृपति

79. 1886 ई॰ में, भीम राम सोलंकी ने _____ शीर्षक व्याकरण ग्रंथ बनारस से प्रकाशित कराया था।

[A] तशीश समुल

[B] हो काज़ी

[C] हो दुरं

[D] चासरेया ताक

80. नागपुरी में लिखा गया पुस्तक 'नागवंशावली' के लेखक कौन थे?

[A] हरिनाथ शाहदेव

[B] घासीराम

[C] बेनीराम महथा

[D] कंचन

81. *Jagarami Ramayana* written in the 17th century, was a beautiful work of which language?

[A] Kurmali

[B] Kharia

[C] Mundari

[D] Khortha

82. What was the name of the poetry book written in 'Khari Boli' by Pandit Ram Cheej Singh Ballabh?

[A] *Lalita*

[B] *Bhagya-Chakra*

[C] *Pralaap*

[D] *Umashankar*

83. By what name was St. Columba's College, Hazaribagh initially known?

[A] Dublin University Mission College

[B] Dublin University Action College

[C] Oxford University Mission College

[D] Oxford University Action College

84. Consider the following regarding the Netarhat Residential School, Netarhat, Jharkhand :

I. It was established on 15th November, 1954.

II. The first batch started with 60 students.

III. The name of the first Principal was Charles Napier.

IV. It is in Gumla district of Jharkhand.

Which of the above is/are **correct**?

[A] Only I

[B] Only I and II

[C] Only I, II and III

[D] I, II, III and IV

81. 17वीं शताब्दी में रचित 'जगरामी रामायण' किस भाषा की एक सुंदर कृति थी?

[A] कुरमाली

[B] खड़िया

[C] मुण्डारी

[D] खोरठा

82. पं० राम चीज सिंह बल्लभ द्वारा 'खड़ी बोली' में रचित कविता-पुस्तक का नाम क्या था?

[A] 'ललिता'

[B] 'भाग्य-चक्र'

[C] 'प्रलाप'

[D] 'उमाशंकर'

83. प्रारम्भ में सेंट कोलम्बा कॉलेज, हजारीबाग किस नाम से जाना जाता था?

[A] डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन कॉलेज

[B] डबलिन यूनिवर्सिटी एक्शन कॉलेज

[C] ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी मिशन कॉलेज

[D] ऑक्सफोर्ड यूनिबर्सिटी एक्शन कॉलेज

84. झारखण्ड के नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के संबंध में निम्न पर विचार करें :

I. इसकी स्थापना 15 नवम्बर, 1954 को हुई थी।

II. पहला बैच 60 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ था।

III. पहले प्राचार्य का नाम चार्ल्स नेपियर था।

IV. यह झारखण्ड के गुमला जिला में है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

[A] केवल I

[B] केवल I और II

[C] केवल I, II और III

[D] I, II, III और IV

85. On which of the following dates was the Indian School of Mines, Dhanbad established?

[A] 5th June, 1920

[B] 9th December, 1926

[C] 15th October, 1952

[D] 15th November, 1972

86. In which town or city of Jharkhand is Mohan Kumar Mangalam Stadium located?

[A] Jamshedpur

[B] Chaibasa

[C] Bokaro Steel City

[D] Deoghar

87. Neeraj Kumar Mishra is a player in which sports in Jharkhand?

[A] Chess

[B] Taekwondo

[C] Judo

[D] Football

88. Jaipal Singh, the first Captain of Indian Hockey team in Olympic 1928, won which medal?

[A] Gold

[B] Silver

[C] Bronze

[D] None of the above

85. निम्न में से किस तिथि को इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद की स्थापना की गई थी?

[A] 5 जून, 1920

[B] 9 दिसम्बर, 1926

[C] 15 अक्टूबर, 1952

[D] 15 नवम्बर, 1972

86. झारखण्ड के किस शहर में मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम स्थित है?

[A] जमशेदपुर

[B] चाइबासा

[C] बोकारो स्टील सिटी

[D] देवघर

87. झारखण्ड के नीरज कुमार मिश्रा, किस खेल से सम्बन्धित खिलाड़ी हैं?

[A] शतरंज

[B] ताइक्वान्डो

[C] जुडो

[D] फुटबॉल

88. भारतीय हॉकी टीम ने जयपाल सिंह के प्रथम कप्तानी में 1928 के ओलंपिक खेल में कौन-सा मेडल प्राप्त किया था?

[A] स्वर्ण

[B] रजत

[C] कांस्य

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. India defeated which team to win the Women's Asian Champions Trophy for Hockey in the year 2023?

[A] Malaysia

[B] Thailand

[C] Japan

[D] South Korea

90. Shri Deepak Mondal is associated with which game?

[A] Hockey

[B] Archery

[C] Football

[D] Lawn Ball

91. How do the provisions of the Indian Limitation Act apply to all suits, appeals and applications under the Chhota Nagpur Tenancy Act, 1908?

[A] Fully apply to the extent

[B] Apply up to the extent which is not inconsistent with the Chhota Nagpur Tenancy Act, 1908

[C] Fully not apply to the extent

[D] Decided by the Courts

89. भारत ने किस टीम को हराकर वर्ष 2023 की महिला हॉकी एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीती?

[A] मलेशिया

[B] थाईलैंड

[C] जापान

[D] दक्षिण कोरिया

90. श्री दीपक मंडल किस खेल से सम्बन्धित हैं?

[A] हॉकी

[B] तीरंदाजी

[C] फुटबॉल

[D] लॉन बाल

91. किस प्रकार भारतीय परिसीमन अधिनियम के प्रावधान छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 के अन्तर्गत आने वाले सभी मुकदमों, अपीलों एवं आवेदन-पत्रों पर लागू होते हैं?

[A] पूर्णतया लागू होते हैं

[B] लागू होंगे जहाँ तक इसके प्रावधान छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 से असंगत न हो

[C] पूर्णतया लागू नहीं होते हैं

[D] न्यायालयों के निर्णय से होते हैं

92. Where shall the appeal lie against an order passed by the Deputy Commissioner in a suit tried by him under Section -139(2) or Clause (7) of Section 139 of Chhota Nagpur Tenancy Act, 1908?

[A] Judicial Commissioner

[B] High Court

[C] Judicial Commissioner or High Court depending on the monetary value

[D] Supreme Court

93 As per the Chhota Nagpur Tenancy Act, 1908, 'tenure' means the interest of tenure-holder and includes an under-tenure but does not include a tenancy of

[A] Mundari Khunt-Kattidar

[B] occupancy Raiyats

[C] non-occupancy Raiyats

[D] under-Raiyats

94. Whether the procedure of Code of Civil Procedure, 1908, would be applicable for trial before Deputy Commissioner in a matter of Chhota Nagpur Tenancy Act, 1908?

[A] Fully applicable

[B] Partially applicable

[C] The State Government will decide, where procedure is not mentioned under the Chhota Nagpur Tenancy Act

[D] Fully not applicable

92. छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा 139 अथवा धारा 139(2) के खंड (7) के अंतर्गत उपायुक्त द्वारा किसी मुकदमे में पारित आदेश के विरुद्ध अपील कहाँ किया जा सकता है?

[A] न्यायिक आयुक्त

[B] उच्च न्यायालय

[C] न्यायिक आयुक्त अथवा उच्च न्यायालय के समक्ष राशि के अनुसार

[D] सर्वोच्च न्यायालय

93. छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 के अनुसार, 'भू-धृति' से अभिप्रेत है भू-धारक का हित और इसके अंतर्गत उप-भूधृति आती है किन्तु _____ काश्तकारी नहीं आती है।

[A] मुंडारी खूंट-कट्टीदार

[B] अधिभोग रैयत

[C] अनधिभोगी रैयत

[D] दर-रैयत

94. क्या छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम,1908 के तहत सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की प्रक्रिया लागू होगी, जब उपायुक्त के समक्ष मामलों का विचारण हो रहा हो?

[A] पूर्णतया लागू होगा

[B] आंशिक रूप से लागू होगा

[C] राज्य सरकार विनिश्चय करेगा, यदि कोई प्रक्रिया छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत नहीं दिया गया है

[D] पूर्णतया लागू नहीं होगा

95. Under Section 17 of the Chhota Nagpur Tenancy Act, 1908, a person is a settled Raiyat, who for a period of ______ years before or after the commencement of this Act has continuously held as Raiyat land situated in any village.

[A] 5

[B] 8

[C] 12

[D] 20

96. Under the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, the Government establishes the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Authority. The composition of authority shall consist of

[A] one person

[B] two persons

[C] three persons

[D] five persons

97. Under which of the following Sections of the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, the special provisions for Scheduled Castes and Scheduled Tribes are mentioned?

[A] Section 30

[B] Section 35

[C] Section 37

[D] Section 41

95. धारा 17, छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 के तहत, बंदोबस्त रैयत वह व्यक्ति है जिसने ____ वर्षों तक इस अधिनियम के प्रारंभ के पूर्व या पश्चात् किसी ग्राम में स्थित रैयत भूमि को लगातार धारित किया हो।

[A] 5

[B] 8

[C] 12

[D] 20

96. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थान अधिनियम, 2013 के तहत, सरकार भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थान प्राधिकरण स्थापित करता है। उस प्राधिकरण की संरचना _____ मिलकर बनती है।

[A] एक व्यक्ति

[B] दो व्यक्ति

[C] तीन व्यक्ति

[D] पाँच व्यक्ति

97. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थान अधिनियम, 2013 के अनुसार, निम्न में से किस धारा में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष प्रावधानों का वर्णन है?

[A] धारा 30

[B] धारा 35

[C] धारा 37

[D] धारा 41

**98.** Under the Santhal Pargana Tenancy Act, 1949, a Raiyat has right to erect building on his holding. This is mentioned under

[A] Section 17

[B] Section 18

[C] Section 19

[D] Section 20

**99.** What is the meaning of 'Vacant Land' under the Santhal Pargana Tenancy Act, 1949?

[A] Abandoned holding

[B] Holding where Raiyat has died without heirs

[C] Holding which is used as grazing land

[D] Both [A] and [B]

**100.** Under the Santhal Pargana Tenancy Act, 1949, a piece of grazing land can be used and settled for cultivation

[A] with the permission of Deputy Commissioner

[B] if required with the permission of village headman

[C] Never

[D] Both [A] and [B]

**98.** संथाल परगना भू-धारण अधिनियम, 1949 के किस धारा में यह कहा गया है कि एक रैयत को अधिकार है कि वह अपने जमीन पर भवन बना सकता है?

[A] धारा 17

[B] धारा 18

[C] धारा 19

[D] धारा 20

**99.** संथाल परगना भू-धारण अधिनियम, 1949 के अनुसार, 'खाली जोत' से क्या तात्पर्य है?

[A] परित्यक्त जोत

[B] जोत जिसका रैयत बिना उत्तराधिकारी छोड़े मर गया है

[C] जोत जिसका उपयोग चारागाह के रूप में होता है

[D] [A] और [B] दोनों

**100.** संथाल परगना भू-धारण अधिनियम, 1949 के अनुसार, एक चारागाह भू-खण्ड का प्रयोग तथा बन्दोबस्त खेती हेतु किया जा सकता है

[A] उपायुक्त की अनुमति से

[B] यदि आवश्यक है, तो ग्राम प्रधान की अनुमति से

[C] कभी नहीं

[D] [A] और [B] दोनों